**परियोजना का नाम–** जनपद अल्मोडा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत खूँट–काकड़ीघाट मोटर मार्ग का अनुसूचित बाहुल्य ग्राम सिद्धपुर तक मोटर मार्ग। लम्बाई 2.375 कि0मी0

**संलग्नक सं0–1.5**

## प्रारूप–11
## प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि के मॉग का पूर्ण औचित्य

इस मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–**827/III–2/06 –76 (प्रा0आ0)/05, दिनांक 28.03.2006** के द्वारा 3.00 कि0मी0 की स्वीकृति प्राप्त है। यह मोटर मार्ग सिविल बेनाप, वन पंचायत व नाप भूमि से गुजरता है। ग्राम– सिद्धपुर, कुमान में कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण यह मोटर मार्ग बनना प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुँचाने की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राम– सिद्धपुर, कुमान में मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा। ग्राम– सिद्धपुर, कुमान में प्रस्तावित मोटर मार्ग के बनने से पर्यटन को बढावा मिलने की भी संभावना है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे। अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित मार्ग उपयुक्त है।

अमीन
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

अपर सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा